हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 21 मई 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 एक करोड़ की डकैती का फरार आरोपी को त्योंदा...



09 औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां में बिजली, पानी, सड़क की...



खबर संक्षेप

पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि 21 को

विदिशा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस द्वारा जिले के समस्त ब्लॉक एवं पंचायत कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया की 21 मई को इंदिरा-राजीव उद्यान में सुबह 9 बजे जिला कांग्रेस द्वारा राजीव गांधी जी को श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण स्व.राजीव गांधी के विचारों एवं देश के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे

विद्यार्थियों को दिया व्यावसायिक प्रशिक्षण

ग्यारसपुर। शासकीय संदीपनि विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए 20 दिवसीय ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं कौशल आधारित ज्ञान प्रदान करना रहा। आईटी विषय के छात्रों को लोकसेवा केंद्र ग्यारसपुर में प्रशिक्षण दिया गया, जहां उन्हें ऑनलाइन सेवाओं की प्रक्रिया, दस्तावेज अपलोड, आवेदन प्रपत्र भरना, डेटा एंट्री एवं अन्य डिजिटल कार्यों की जानकारी दी गई। लोकसेवा केंद्र के ऑपरेटर रोहित दांगी ने विद्यार्थियों को नागरिक सेवाओं की कार्यप्रणाली समझाई। प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में व्यावसायिक दक्षता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

9 वर्षीय बालक को परिजनों से मिलाया

विदिशा। रामलीला चौराह पर भटके 9 वर्षीय बालक को समाजसेवी आदर्श तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए परिजनों से मिलाया। सौरभ यादव की सूचना पर आदर्श मौके पर पहुंचे। बच्चे ने बताया कि वह करैया खेड़ा रोड का निवासी है और घर में ताला लगाकर घूमने निकला था, रास्ता भटक गया। आदर्श उसे सिविल लाइन थाना ले गए। पुलिस के साथ करैया खेड़ा रोड पहुंचकर पड़ोसियों की मदद से घर का पता चला। थोड़ी देर में माता-पिता इंदर सिंह व उनकी पत्नी भी पहुंच गए। पुलिस ने समझाइश देकर बच्चे को सुरक्षित सौंप दिया।

निर्माण श्रमिकों को पेयजल, छाया व विश्राम की व्यवस्था के निर्देश

विदिशा। भीषण गर्मी को देखते हुए भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के निर्देशानुसार सभी कार्यस्थलों पर स्वच्छ पेयजल, छाया, विश्राम स्थल व आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। ठेकेदारों को व्यवस्थाओं का पालन सुनिश्चित कर फोटो मोबाइल नंबर 9424406597 पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



एक दिन के लिए दवा विक्रय पर लगा ब्रेक

रैली के बाद सभी दवा व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। ज्ञापन देकर दवा विक्रेताओं ने बताईं अपनी समस्याएं।

जिले में बुधवार को ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मेडिकल स्टोर संचालकों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। देशव्यापी आह्वान पर जिले के करीब 700 मेडिकल स्टोर बंद रहे। इनमें शहर के लगभग 250 मेडिकल स्टोर शामिल थे। हड़ताल के दौरान जिलेभर के दवा विक्रेता गांधी चौक नीमताल पर एकत्रित हुए। दवा व्यापारियों ने काले कपड़े पहनकर ऑनलाइन और कॉर्पोरेट स्तर पर दवा बिक्री का विरोध जताया। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहन रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से दवा विक्रेताओं ने लोगों को ऑनलाइन दवा बिक्री से जुड़े संभावित खतरों और नुकसान के प्रति जागरूक किया। रैली के बाद सभी दवा व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लगाने की मांग की गई। दवा व्यापारियों ने बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाओं की आपूर्ति, भारी छूट की नीति और अवैध ऑनलाइन दवा कारोबार पर रोक लगाने की मांग उठाई। केमिस्ट एसोसिएशन के चंद्रकांत जैन और नवल शास्त्री ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य लोगों की सेहत की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन मंगाई जा रही दवाओं की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था और निगरानी को लेकर स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया कि कम तापमान में रखी जाने वाली दवाओं के परिवहन और स्टोरेज को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। साथ ही गलत दवा मिलने या दुष्प्रभाव होने पर जिम्मेदारी तय करना भी मुश्किल हो जाता है। प्रदर्शन के एक दिन पहले ही एनाउंसमेंट के माध्यम से आवश्यक दवाएं खरीदकर रख लेने की सूचना दे दी गई थी।

आपातकाल के लिए खुले रहे मेडिकल

केमिस्ट एसोसिएशन पदाधिकारियों के मुताबिक देशभर में 12 लाख से अधिक केमिस्ट इस हड़ताल में शामिल हुए। विदिशा जिले के दवा व्यापारियों ने भी आंदोलन का समर्थन किया। हड़ताल के चलते शहर के अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे। हालांकि मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों और नर्सिंग होम के भीतर संचालित कुछ मेडिकल स्टोर खुले रखे गए।

एज्युकेशन पोर्टल 3.0 पर अतिथि शिक्षकों को राहत

सितंबर 2025 से मार्च 2026 तक के अनुभव क्लेम की सुविधा शुरू, प्रोफाइल अपडेट एवं लॉक प्रक्रिया भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अतिथि शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए एज्युकेशन पोर्टल 3.0 पर नई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

पूर्व में पोर्टल पर केवल शैक्षणिक सत्र 2025-26 के जुलाई एवं अगस्त 2025 तक के अनुभव जारी करने की सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन अब आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचना अनुसार 19 मई के अनुसार सितम्बर 2025 से मार्च 2026 तक के अनुभव क्लेम करने संबंधी निर्देश भी पोर्टल पर जारी कर दिए गए हैं।

इसके तहत अतिथि शिक्षक अब निर्धारित अवधि के अनुभव का दावा ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकेंगे। यह निर्णय उन अतिथि शिक्षकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो लंबे समय से अनुभव प्रमाणन की प्रतीक्षा कर रहे थे।

इसके अतिरिक्त एज्युकेशन पोर्टल 3.0 पर पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के लिए प्रोफाइल अपडेट एवं दस्तावेज संशोधन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। पोर्टल में पूर्व में दर्ज शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी में बोर्ड एवं विश्वविद्यालय का नाम दर्ज करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे अभ्यर्थियों के रिकॉर्ड अधिक सटीक एवं व्यवस्थित हो सकेंगे। साथ ही पूर्व में पंजीकृत आवेदकों की प्रोफाइल लॉक करने की कार्यवाही भी वर्तमान में प्रचलन में है। विभाग द्वारा अतिथि शिक्षकों से समय-सीमा में आवश्यक जानकारी अपडेट कर पोर्टल पर दावा प्रस्तुत करने की अपील की गई है, ताकि भविष्य में नियुक्ति एवं अनुभव सत्यापन संबंधी प्रक्रिया सुगमता से संपन्न हो सके।

आबकारी विभाग टीम के निरीक्षण में तय समय के बाद खुली मिलीं 2 शराब दुकानें

विदिशा। तय समय के बाद भी शराब दुकानें खुलने की शिकायत पर मंगलवार रात आबकारी विभाग की टीम ने जांच की। टीम को बस स्टैंड और पूरनपुरा की शराब दुकानें देर रात तक खुली मिलीं। कर्मचारी शटर के नीचे से और दुकान के पीछे से शराब बच रहे थे। आरक्षक पवन गौर ने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारियों को सख्ती से समझाइश दी गई। बता दें की तय समय के बाद शराब दुकान खोलने पर भारी जुर्माना, लाइसेंस का स्थायी/अस्थायी निरस्तीकरण, और गैर-जमानती धाराओं में दुकान संचालक और ठेकेदार की गिरफ्तारी तक हो सकती है।

जिंद बाबा की बावड़ी में चला सफाई अभियान

विदिशा। प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्यारसपुर में ऐतिहासिक जिंद बाबा की बावड़ी में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण और प्राचीन जल स्रोतों का संवर्धन करना रहा। हाईवे किनारे स्थित इस ऐतिहासिक बावड़ी परिसर में वर्षों से जमा कचरा, झाड़ियां और गंदगी को जनभागीदारी के साथ हटाया गया। अभियान के दौरान उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया और कहा कि बावड़ियां न केवल सांस्कृतिक धरोहर हैं बल्कि जल प्रबंधन की पारंपरिक व्यवस्था भी हैं। इस अवसर पर जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, ब्लॉक समन्वयक सुदेश आचार्य, शैलेंद्र रघुवंशी, गोलू दांगी, महेश बैरागी, ओमप्रकाश यादव सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

कुरवाई पुलिस ने 49 लीटर देशी शराब सहित 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

विदिशा शहर में देर रात तक खुल रहीं शराब दुकानें, ओवर रेट पर भी बेच रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना कुरवाई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। 19 मई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम छीरखेड़ा एवं खिरिया भौरासा रोड क्षेत्र में दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 49 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 27 हजार 700 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पहले मामले में 6 लीटर शराब, दूसरे मामले में 7 लीटर शराब और तीसरे मामले में 36 लीटर शराब जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों में भुजवल वाल्मीकि (60 वर्ष), सजन सिंह दांगी (40 वर्ष) एवं रामबाबू शर्मा (31 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

पिपलधार में कृषि रथ के साथ कृषक संगोष्ठी हुई

विदिशा। किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत विकासखंड नटेरन के ग्राम पिपलधार में कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के साथ वृहद कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। क्षेत्रीय कृषि अधिकारी संगम रघुवंशी ने बताया कि कृषि रथ के माध्यम से चयनित ग्राम पंचायतों में आधुनिक खेती, शासकीय योजनाओं और तकनीकी सुधारों की जानकारी दी जा रही है। आत्मा परियोजना के तकनीकी प्रबंधक नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल विविधीकरण, ई-टोकन उर्वरक वितरण तथा पराली प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया। कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा के डॉ. राजमोहन शर्मा ने उन्नत बीज, वैज्ञानिक खेती और नरवाई प्रबंधन के उपाय बताते हुए किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया।

बिना तौल पर्ची के गेहूं खरीदने की मिलीं शिकायत पर एक्शन

गेहूं उपार्जन में खरीदी पावती जारी न होने वाले किसानों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश

तौल पर्ची बिना खरीदे गए गेहूं पर प्रशासन सख्त, स्लॉट वैधता बढ़ाने केंद्रों से मांगी किसानों की सूची।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दौरान जिन किसानों को खरीदी पावती जारी नहीं हुई है, उनकी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आयुक्त के पत्र के संदर्भ में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि कई उपार्जन केन्द्रों पर बिना तौल पर्ची जारी किए गेहूं खरीदे जाने की शिकायतें मिली हैं।

तौल पर्ची जारी न होने से किसानों के स्लॉट की वैधता आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिससे उन्हें खरीदी पावती प्राप्त करने में परेशानी हो रही है।

सभी उपार्जन केन्द्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे किसानों की केन्द्रवार सूची निर्धारित प्रारूप में एक्सल शीट एवं हार्डकॉपी में शीघ्र उपलब्ध कराएं। यह जानकारी आयुक्त कार्यालय को भेजी जाएगी, ताकि स्लॉट अवधि बढ़ाकर पावती ऑनलाइन जारी की जा सके।

द्वारका-सोमनाथ यात्रा के लिए तैयारियां पूर्ण, 196 यात्री होंगे रवाना

विदिशा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत द्वारका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए जिले से 196 यात्रियों का लक्ष्य अनुसार चयन किया गया है। तीर्थ यात्री 27 मई को रवाना होकर 2 जून को वापस विदिशा पहुंचेगी। यात्रियों की यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। यात्रियों को विदिशा रेलवे स्टेशन से व्यवस्थित रूप से रवाना कराने, आरक्षित रेल टिकटों का वितरण करने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संचालन हेतु अजय पाठक, तहसीलदार नगरीय तहसील विदिशा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित स्थानों पर लगाई गई है। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे।

तीसरे दिन कथा वाचक ने धर्म, ज्ञान, भक्ति और विनम्रता का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर मां कात्यायनी भागवत सेवा समिति के तत्वावधान में तारा बाई अग्रवाल धर्मशाला परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का तृतीय दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। 17 मई से प्रारंभ इस आयोजन में 108 ब्राह्मणों द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण का मूल पाठ निरंतर किया जा रहा है। देश के ख्याति प्राप्त कथा वाचक ज्योतिषाचार्य पं. विष्णु प्रसाद शास्त्री ने "धर्मो रक्षति रक्षिता" का संदेश देते हुए ध्रुव और जड़ भरत प्रसंगों के माध्यम से धर्म, ज्ञान, भक्ति और विनम्रता का महत्व बताया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व बैंक अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने पूजन कर आचार्य का सम्मान किया। अंत में आरती व प्रसाद वितरण हुआ। गुरुवार को कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

वल्नरेबिलिटी मैपिंग सर्वे कार्य शुरू हुआ

विदिशा। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल द्वारा जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवासरत बच्चों की पहचान एवं उनके समग्र विकास के लिए वल्नरेबिलिटी मैपिंग सर्वे के लिए जिला विदिशा को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले के सभी विकासखंडों में सर्वे कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सामाजिक, आर्थिक अथवा अन्य कारणों से संवेदनशील स्थिति में जीवन यापन कर रहे बच्चों एवं परिवारों की पहचान की जा रही है। इसी क्रम में जतरापुरा क्षेत्र में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांस्वा द्वारा निरीक्षण किया गया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि सर्वे का उद्देश्य कमजोर वर्गों की पहचान कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

10 हजार गांवों में जल गंगा कलश यात्राएं

विदिशा। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा गंगा दशहरा (25 मई) पर प्रदेश की लगभग 10 हजार पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल गंगा कलश यात्राएं निकाली जाएंगी। अभियान का उद्देश्य प्राचीन जल स्रोतों कुएं, बावड़ी, तालाब व सरोवर का संरक्षण है। विदिशा जिले के 7 विकासखंडों के 35 सेक्टर व 175 ग्राम समितियां कलश यात्रा, प्रभातफेरी, दीवार लेखन व जल स्रोतों की साफ-सफाई जैसे कार्यक्रम होंगे।

एक ही दिन में 198 आयुष्मान कार्ड बने, नटेरन रहा अग्रणी

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। जिले में पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देशों के बाद अभियान को गति मिली है। प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार डामोर के निर्देशन में विशेष शिविरों, सार्वजनिक स्थलों, शासकीय आयोजनों, सरकारी व निजी अस्पतालों में कार्ड निर्माण की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को विभिन्न विकासखंडों में कुल 198 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आंकड़ों के अनुसार नटेरन में सर्वाधिक 68 कार्ड बने। बासौदा में 53, कुरवाई में 27, ग्यारसपुर में 25, विदिशा में 18 और सिरोंज में 2 कार्ड तैयार किए गए। कुरवाई में 10 पीवीटीजी तथा 17 अन्य श्रेणी के हितग्राहियों के कार्ड बने। पोर्टल के अनुसार 173 एसईसीसी, 18 अन्य श्रेणी, 6 वरिष्ठ नागरिक (70+) और 1 पीवीटीजी श्रेणी का कार्ड शामिल है।

'ओलम्पिया' समर कैंप में प्रतिभाओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने जीता सबका दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



ओलम्पस हाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित 20 दिवसीय समर कैंप 'ओलम्पिया' का समापन 20 मई को उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी रोहित काशवानी रहे। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल, कला और सांस्कृतिक गतिविधियाँ व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। समारोह में बच्चों ने डांस, म्यूजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि कैंप में विदिशा सहित अन्य शहरों से आए 81 से अधिक बच्चों ने स्विमिंग, क्रिकेट, स्केटिंग, बैडमिंटन, फुटबॉल, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस व म्यूजिक में प्रशिक्षण लिया। उन्होंने जानकारी दी कि 22 मई से 5 जून तक हॉकी समर कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय संस्थापक यशपाल सिंह, अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी, प्राचार्या प्रियंका सिंह, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

आखिरी गेंद तक मैदान पर डटे रहे दर्शक, कम नहीं हुआ उत्साह

विदिशा और सागर की टीम क्वार्टर फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसएसएल जैन महाविद्यालय के खेल परिसर में मन्नत फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित सिटीज प्रीमियर लीग सीपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन रोमांच की सारी हदें पार हो गईं।

देर रात तक चले इन मुकाबलों में दर्शकों का उत्साह ऐसा था कि वे आखिरी गेंद तक मैदान पर डटे रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विदिशा व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, वरिष्ठ समाजसेवी सुजीत देवलिया और संरक्षक आशीष सिंह भदोरिया उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के चौथे दिन कुल पांच मुकाबले खेले गए। पहले मैच में मलिक चैलेंजर विदिशा ने माधव राध्या वॉरियर्स बैरसिया को मात्र 40 रन पर रोक दिया और 6 विकेट से आसान जीत दर्ज की। सत्यम रघुवंशी को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मुकाबला विकास सुपर किंग्स सागर और मिराज ग्रुप सिरोंज के बीच हुआ, जिसमें सागर ने 73 रन बनाए और सिरोंज को 44 रन पर समेट दिया। सागर के प्रकाश मैन ऑफ द मैच रहे।तीसरे मैच में सागर ने संकेत जैन के धमाकेदार 45 रनों 6 छक्के, 2 चौके की मदद से विदिशा को हराकर सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। संकेत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। चौथे मैच में बैरसिया ने सिरोंज को हराकर उसे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया, जिसमें किस्सू राठौर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुने गए। अंतिम और निर्णायक मुकाबले में विदिशा ने बैरसिया को 78 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में बैरसिया ने कड़ी टक्कर दी और मैच आखिरी ओवर में पहुंच गया।

अंतिम ओवर में गेंदबाज दौलत उईके ने दबाव को झेलते हुए विदिशा को रोमांचक जीत दिलाकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। इस दौरान आयोजक कपिल वलेचा, फराज सैयद, अनिल यादव और पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव, साजिब सैयद भी उपस्थित रहे।



विदिशा। मैच देखने के लिए जैन कॉलेज ग्राउंड पर लगी रही दर्शकों की भीड़।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-8501
सरसों
न्यूनतम भाव-4890
उच्चतम भाव-7740
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6100
शरबती
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4605
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2715
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-2400
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3361
बटरी
न्यूनतम भाव-3386
उच्चतम भाव-4020
धनिया
न्यूनतम भाव-11500
उच्चतम भाव-12700
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3200
मक्का
न्यूनतम भाव-1625
उच्चतम भाव-1625
मटर
न्यूनतम भाव-3360
उच्चतम भाव-3360
अलसी
न्यूनतम भाव-8120
उच्चतम भाव-8280
मूंग
न्यूनतम भाव 5610
उच्चतम भाव-7505
उड़द
न्यूनतम भाव 4200
उच्चतम भाव-4200

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 23158 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

विद्युत लाइन पर लटकती डालियों से हो सकता हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

एक ओर नगर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वर्ष भर मैंनटेनेंश का काम किया जाता है। जिसके चलते प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र में में मैंनटेंनेश के नाम पर घंटों तक विद्युत प्रदाय बंद रखा जाता है। वहीं थोड़ी सी हवा चलने पर ही विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर की विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध कर दी जाती है। नागरिकों ने बताया कि विगत दिनों लगातार तेज हवाओं के चलते पेड़ की डालियां टूटकर तारों पर लटक गई थीं। जिससे लाइनों में फाल्ट तक आ गये थे। वहीं ऐसा ही मामला त्योंदा रोड पचमा बायपास मुख्य मार्ग पर सामने आया जहां एक पेड़ की शाखाएं बढ़ने के कारण हाई टेंशन लाइन एवं विद्युत केविल पर टकरा रही हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। विगत माह आंधी और बारिश के समय भी इस पेड़ की शाखाएं टूटकर विद्युत केविल पर गिर गई थी। जिसके कारण लाइन में



फाल्ट तक आ गया था। लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार विभाग द्वारा उस पेड़ की शाखाएं काटने की ओर ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग में भी की है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि विभाग मेंटेनेंस के नाम पर बिजली काटता है, लेकिन वास्तविक मरम्मत नहीं की जाती। जून महीने का मौसम शुरू होने को है, बारिश के मौसम यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है।


पुलिस ने आरोपी के पास से जब्त किया 5.50 लाख का सामान

एक करोड़ की डकैती का फरार आरोपी को त्योंदा पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा पुलिस ने एक करोड़ रुपए की डकैती के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से साड़े पांच लाख रुपए का माल जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।

यहां उल्लेखनीय है कि त्योंदा पुलिस ने ग्राम रायखेडी में हुई सनसनीखेज डकैती के मामले में फरार चल रहे पांचवे आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए आरोपी अमन पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा, ग्राम बहादुरपुर थाना राहतगढ़ को उसके घर ग्राम बहादुरपुर से गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में त्योदा पुलिस द्वारा सतत प्रयास करते हुए फरार



आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

ज्ञात हो कि इस प्रकरण में पूर्व में गठित 4 विशेष टीमों की संयुक्त कार्रवाई में 4 आरोपी एवं 1 विधि विरुद्ध बालक सहित 44 तोला सोना, 1 किलो से अधिक चांदी, 10 लाख रुपए नगदी, मोटर साइकिल एवं अवैध हथियार सहित लगभग एक करोड़ का मशरूका बरामद किया गया था।

वहीं वर्तमान कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपी से लगभग 5 लाख 50 हजार कीमत का मशरूका बरामद किया गया है। दिनांक 23-24 जनवरी 2026 की मध्यरात्रि में फरियादी बृजबिहारी पिता स्व. आशाराम कुर्मी उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम रायखेडी, थाना त्योंदा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने उनके घर में घुसकर परिवारजनों को बंधक बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी लूट ली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना त्योदा में धारा 309(6), 312, 331(6), 310(2), 336(2), 336(3), 340(2) बीएनएस, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट एवं धारा 192 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। त्योंदा थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी, श्याम सिंह, अभिलाख सिंह, उदय जकाते, शिवम तोमर, सत्येंद्र, अनिल, अखिलेश शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही। इस मामले में पहले ही चार पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा डायल 112 पर दें। आमजन की सतर्कता अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

तेज धूप,गर्मी के कारण जल्द पक गई मूंग की फसल, कटाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर सहित आसपास के क्षेत्र में मूंग की फसल की कटाई शुरू हो गई है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसानों ने मूंग की फसल लगाई थी।पिछले एक हफ्ते से पड़ रही तेज धूप और गर्मी के कारण मूंग की फसल समय से पहले पककर तैयार हो गई है। इसके चलते किसानों ने अपने खेतों में खड़ी मूंग की कटाई का काम शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि फरवरी महीने के अंत में जिन किसानों ने फसल लगाई थी, उनकी फसल लगभग पूरी तरह पक चुकी है। कटाई का कार्य पूरा होने में 10 से 15 दिन लगेंगे, जिसके बाद थ्रेसिंग कार्य किया जाएगा। किसानों ने बताया कि मूंग की फसल बहुत ही कम समय लगभग 60 से 80 दिन में तैयार होने वाली दलहनी फसल है। इसकी बुवाई फरवरी के अंतिम हफ्ते से लेकर अप्रैल के पहले हफ्ते क की जाती है, जिसमें 10 मार्च से 10 अप्रैल का समय सबसे उत्तम माना जाता है। यह फसल मई से जून के महीने में कटाई के लिए तैयार हो जाती है। किसानों ने बताया कि इस बार फसल अच्छी दिखाई दे रही है, जिससे अच्छी पैदावार की उम्मीद है।

निशुल्क नेत्र शिविर में हुई 124 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मील रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय चंद्रकांत बक्शी, श्रीनिवास बक्शी चाचाजी एवं उनके पुत्र अविनाश अनंत बक्शी की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर सुमन बक्षी एवं अदिति बक्शी द्वारा लगाया गया शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा ने 124 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 19 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क्रे लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 31 चश्मों का निशुल्क वितरण किया। ट्रस्ट ने 35 मरीजों को दवाइया वितरित की मरीजों 39 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम गणेश राम रघुवंशी क्रे मुख्य अतिथि सुरेन्द्र भारद्वाज, जगदीश अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में किया गया। जिसमे सदगुरुदेव अस्पताल क्रे गोलू राठौर, अक्षय पाल, धर्मेंद्र जादौन, डॉ. राजकरण वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, सेवादार साहूजी, विजय अरोरा, दिलीप देसाई, सतीश शिल्पकार, मोहन सैनी सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया। अंत में सुनील बाबू पिंगले ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी निःशुल्क नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

खबर संक्षेप

रोहित तारण अध्यक्ष नियुक्त



गंजबासौदा। संयम मेडिकल के संचालक रोहित तारण को सर्व सम्मति से केमिस्ट एसोसिएशन गंजबासौदा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हे बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

गर्मी उमस से परेशान

गंजबासौदा। विगत दो तीन दिनों से इलाके भर में भीषण गर्मी और उमस पड़ रही है जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक निधि से पांच लाख राशि स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा विधानसभा क्षेत्र में गुर्जर समाज के लिए विधायक निधि से मंगल भवन निर्माण हेतु 5 लाख की राशि स्वीकृत किए जाने पर समाज में हर्ष का माहौल है। यह सौगात सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं समाज के सामूहिक आयोजनों को नई दिशा देने का कार्य करेगी। गुर्जर समाज के लोगों ने विधायक के इस सराहनीय एवं जनहितकारी निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमेशा समाज के विकास और जनभावनाओं का सम्मान करते हैं। समाजजनों ने कहा कि विधायक हरिसिंह रघुवंशी लगातार क्षेत्र के विकास, सामाजिक उत्थान एवं जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मंगल भवन निर्माण से समाज को एक स्थायी और व्यवस्थित स्थान मिलेगा, जहां धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हो सकेंगे। गुर्जर समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने विधायक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके उज्ज्वल नेतृत्व और विकास कार्यों की सराहना की है।

केमिस्ट्स एसोसिएशन ने नगर में मेडिकल स्टोर बंद रखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बुधवार को नगर के केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद के चलते नगर के सभी मेडीकल स्टोर बंद रखे। जिसके चलते नगर सहित दूरस्थ अंचलों से उपचार करानेआने वाले मरीजों और उसके परिजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा लाल परेड ग्राउण्ड पहुंचकर प्रशासिनक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन तथा राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स जो देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट्स एवं वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है। एसोसियेशन द्वारा केंद्र एवं राज्य स्तर पर विभिन्न प्राधिकरणों के समक्ष बार-बार निवेदन करने के बावजूद, औषधि व्यापार एवं जन स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले गंभीर मुद्दे अब तक अनसुलझे हैं। जिससे 12.40



लाख से अधिक केमिस्ट्स तथा लगभग 4 से 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है। राष्ट्रीय संस्था एआईओसीडी ने लंबे समय से लंबित मुद्दों के विरोध स्वरूप 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का आह्वान किया है। जिसमें अवैध ई-फार्मेसी संचालन एवं दिनांक 28.08.2018 की अधिसूचना GSR 817 (E) की वापसी, बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा प्रीडेटरी मूल्य निर्धारण, GSR 220(E) दिनांक 26.03.2020 अधिसूचना की वापसी, अवैध ई-फार्मेसियों की अनियंत्रित वृद्धि तथा बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा प्रिडेटोरी मूल्य निर्धारण की प्रवृत्तियां स्थापित औषधि वितरण प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही हैं। यह परिस्थितियां न केवल छोटे एवं मध्यम केसिस्ट्स के अस्तित्व के लिए खतरा हैं, बल्कि निम्न कारणों से जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर जोखिम उत्पन्न करती हैं। वैध चिकित्सकीय पर्चे के बिना दवाओं की पर्ची का बार-बार दुरुपयोग एंटीबायोटिक्स एवं हैबिट फार्मिंग बनाने वाली दवाओं की आसान उपलब्धता शामिल हैं।

गैस सिलेंडर में लगी आग पर पाया काबू

गंजबासौदा। बुधवार को बेहलोट बाईपास क्षेत्र में दीपक किराना स्टोर पर रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। लेकिन बगैर घबराए नागरिकों द्वारा तुरंत आग पर काबू पाया लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में कथा का आयोजन हो रहा

शिव महापुराण कथा के दौरान विस्तार से सुनाए विभिन्न प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नवीन न्यायालय रजोदा रोड स्थित नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में चल रही कथा के पंचम दिवस में कथा वाचक पंडित विकास आनंद एलिया ने कहा कि जीवन का क्या अर्थ है? क्या जीवन का अर्थ यही है- उठना, बैठना, खाना, पीना, चलना, सोना और मर जाना? क्या यही जीवन है, या जीवन कुछ और भी है, इसके अलावा, इसके परे, इससे आगे? समझेंगे इसको।

यह तुम जो कुछ भी कर रहे हो, या जो ये सब दिखाई देता है, भौतिक रूप से, याद रखना, एक अच्छा यंत्र भी ये सब कुछ कर सकता है। अगर तुम अपनी भौतिक, जैविक क्रियाओं को ही जीवन समझ रहे हो, तो याद रखना, एक ऐसा यंत्र बनाया जा सकता है जो साँस ले। क्या है साँस लेना? हवा अंदर जाती है और उसकी ऑक्सीजन किन्हीं दूसरे अणु के साथ एक रासायनिक प्रतिक्रिया पैदा करती है, और कुछ बन जाता है। और एक पंप है जो इसको वापस बाहर भेज देता है। ठीक है? तो साँस लेना तो एक यांत्रिक कृत्य हुआ, कोई भी यंत्र कर सकता है। इसी प्रकार तुम जो कुछ भी कर सकते हो, वो कोई रोबॉट भी कर सकता है। एक अच्छा सुविकसित रोबॉट वो सारे काम कर सकता है, जो हम जीवन भर करते रहते हैं। वो चल सकता है और उसमें भी सोचने की शक्ति लायी जा सकती है। सोच क्या है? तुम्हारे भीतर एक डेटाबेस है, और तुम्हारे भीतर एक प्रोग्राम है। तुम सोचते वही हो जो तुम्हारे पुराने अनुभवों में शामिल है, नया तो तुम सोच भी नहीं सकते। एक रोबॉट में ये शक्ति भी डाली जा सकती है। देखना, सुनना तो साधारण-सी बात है, वो तो ये कैमरा भी कर रहा है। एक रोबॉट भी कर सकता है। समझ रहे हो बात को? तो निश्चित रूप से इनका नाम तो जीवन नहीं हो सकता। जीवन कुछ और है, जीवन कुछ ऐसा है जो रोबॉट के लिए संभव नहीं है, पर तुम्हारे लिए संभव है।वो क्या है? चलो कैमरे का ही उदाहरण ले लेते हैं।मैं जो कुछ कह रहा हूँ, वो कुछ नहीं है, सिर्फ तरंगें हैं, और मैं जो कुछ देख रहा हूँ, वो भी कुछ नहीं है, सिर्फ तरंगें हैं। वो तुम्हारी आँखों पर पड़ रही हैं, तुम्हारे कानों पर पड़ रही हैं, ठीक उसी तरह इस कैमरे पर भी पड़ रही हैं। तुम तो कुछ भुला भी दोगे, पर ये कैमरा सब कुछ रिकॉर्ड कर रहा है, एक-एक बात। लेकिन फिर भी इसे मिल कुछ नहीं रहा। तुम यहाँ से जाओगे तो कुछ ले कर जाओगे, पर इसे कुछ नहीं मिल रहा है।वही मिलना है, जो तुम्हें इंसान बनाता है, कि तुम्हें कुछ मिल सकता है, तुम कुछ समझ सकते हो, और ये समझ किसी भी यंत्र के पास कभी-भी नहीं हो सकती। यह जो समझने की क्षमता है, इसी का नाम जीवन है। और ये नहीं है अगर, तो जीवन, जीवन नहीं, मरण के समान ही है। कथा में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, राजेश तिवारी, मुख्य यजमान रिचा मनीष भावसार, मुकेश भावसार सहित समस्त भक्तगण उपस्थित रहे ।

ट्रैक्टर, ट्रालियों की लंबी कतारें लग रहीं



गंजबासौदा। समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों पर बारदाने की कमी एवं समय पर तुलाई न होने के चलते खरीदी केन्द्रों पर जिंसों की तुलाई के लिए आने वाले किसानों को देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके चलते सड़क पर एवं सड़क किनारे ट्रेक्टर, ट्रालियों की लंबी लंबी कतारें लग रहीं हैं। जिससे इस मार्ग से होकर जाने वाले दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालकों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों पर तुलाई हो जाऐ तो उन्हे परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

डिग्री के साथ पर्यावरण के लिए समर्पित हों



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस स्थानीय एलबीएस कॉलेज में पर्यावरण सुरक्षा के लिए अभिनव पहल करते शपथ दिखाई गई। कालेज प्राध्यापक समूह ने सभी छात्रों से एक पौधा मां के नाम पौधारोपण कर अपने पर्यावरण के जाग्रत होने का आग्रह किया गया। ज्ञात हो कि इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, ऐसी विषम परिस्थितियों में कॉलेज छात्र डिग्री प्राप्त करने के लिए परीक्षाएं दे रहे है। इस कारण कॉलेज के छात्र-छात्राओं पर्यावरण चेतना जाग्रत करने के लिए वृक्षारोपण का संकल्प दिलाया जा रहा है। एनएसएस के कार्यक्रम सहायक ऐवन सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि बीकाम फायनल के छात्र-छात्राओं को इस वर्ष स्नातक डिग्री मिल जाएगी। यह सभी छात्र अपने घरों, खेतों, शासकीय एव अशासकीय जमीन पर एक पौधा मां के नाम लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाएंगे तो सैकड़ों पौधे पर्यावरण के संतुलन में सहयोगी बनेंगे। एलबीएस कालेज प्राचार्य डॉ. इन्द्रा दुबे की प्रेरणा से उप प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, परीक्षा संयोजक एवं कामर्स प्राध्यापक कुलेन्द्र श्रीवास्तव, कम्प्यूटर विभाग प्राध्यापक वेद प्रकाश सोनी, हिन्दी विभाग से दिनकर कद्रे, कार्यालय विभाग से शेषपाल चौहान, खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने सभी बीकाम फाइनल इयर के परीक्षार्थियों को बरसात शुरु होते ही एक पेड़ मां के नाम रोपित करने का संकल्प दिलाया। छात्र-छात्राओं ने सहर्ष पौधरोपण का संकल्प लिया। प्राध्यापकगणों ने वर्तमान के पर्यावरणीय परिस्थितियों को रेखांकित करते हुए पौधरोपण को ही एकमात्र कारगर उपाय बताया। इस अवसर पर बीकॉम फाइनल इयर के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

फर्नीचर क्लस्टर को शीघ्रता से विकसित कर विस्थापन की कार्यवाही करें

औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां में बिजली, पानी, सड़क की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



फर्नीचर क्लस्टर को शीघ्रता से विकसित कर विस्थापन की कार्यवाही करें, उद्योगपतियों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा, औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां में बिजली, पानी, सड़क की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी, साथ ही हवाई पट्टी विस्तार के लिए प्रयास और तेज किए जाएंगे। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने उद्योग विभाग, एमपीआईडीसी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर विभिन्न उद्योगों से चावला, अरविंद भाईजी, मंदाकिनी पांडे, प्रमोद उपाध्याय, पूजा तिवारी, अमरनाथ साकेत, पी.एस. बडोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं उद्योगपति मौजूद थे।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए प्रोत्साहन हेतु सभी आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाए एवं उद्योगपतियों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, जिससे यहां उद्योग स्थापित हो सकें। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण के लिए उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध करें एवं जिला स्तर पर निराकरण योग्य समस्याओं का निराकरण किया जाए तथा राज्य शासन स्तर की समस्याओं को पत्र के माध्यम से सूचित कर उनका निराकरण कराया जाए। उद्योगपतियों को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी बिजली विभाग आवश्यक प्रबंध करे।

मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के प्रबंधक पी.के. उपाध्याय द्वारा विभाग की गतिविधियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि सागर जिले में 03 औद्योगिक क्षेत्रों मसवासी ग्रांट, तहसील सागर; करमपुर, तहसील खुरई एवं छेवला, तहसील देवरी में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना है।

औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रांट में 608.92 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर विकास किया जा रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में बहुउत्पाद, वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों द्वारा रुचि प्रदर्शित की गई है, जिसमें प्रमुख निवेशकों में यूनिक सन पावर प्रा.लि. (सूरत, गुजरात), विवग्यो इनर्जी इन्फ्राटेक प्रा.लि. (जोधपुर, राजस्थान), ए.बी. फैब्रिक्स (लुधियाना, पंजाब), गोकुलदास एंड संस (भोपाल), दावत राइस आदि शामिल हैं।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा उक्त औद्योगिक क्षेत्र में 01 रुपये प्रति वर्गमीटर प्रीमियम, 01 रुपये प्रति वर्गमीटर लीज रेंट एवं विकास शुल्क 20 समान वार्षिक किस्तों में जमा करवाकर भूमि आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होने वाली इकाइयों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाओं के साथ-साथ 05 वर्ष तक विद्युत शुल्क में छूट एवं 100 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी एवं पंजीयन शुल्क की प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। भविष्य में इस औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार हेतु नजदीकी 05 ग्रामों बेलखादर, कुढ़ई, कुडरी, बहेरिया साहनी एवं गढ़ोलीकला में 319.19 हेक्टेयर भूमि चयनित की गई है। औद्योगिक क्षेत्र करमपुर, तहसील खुरई में 60.00 हेक्टेयर भूमि पर विकास किया जा रहा है। उक्त औद्योगिक क्षेत्र में नाली एवं सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। करमपुर औद्योगिक क्षेत्र में कृषि उपकरण निर्माता इकाइयों एवं बहुउत्पाद से संबंधित निवेश आने की संभावना है। देवरी तहसील में ग्राम छेवला की 158.58 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है।सागर जिले में 02 वृहद इकाइयां भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. की बीना रिफाइनरी 49000.00 करोड़ की लागत से होगा।

जैन मुनि और साध्वी सुरक्षा में लापरवाही पर आईजा ने सीएम को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



जैन मुनियों और साध्वियों की सुरक्षा में हो रही लापरवाही को लेकर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएषन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,प्रदेष अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंज ने मध्यप्रदेष शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को एक पत्र लिखते हुए जिम्मेदार व जबावदार लोगो पर कार्यवाई की मांग की।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि 20 मई को रीवा में कलेक्ट्रेट के सामने सुबह 6 शौच को जा रहीं एक ऑल्टो कार जो प्रयागराज से नागपुर जा रही थी उसने जैन धर्म की दो आर्यिका माताजी को लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे एक सागर नगर गौरव आर्यिका श्रुतमति माताजी की समाधि हो गई और दूसरी माता जी आर्यिका उपसममति माताजी का अभी ऑपरेशन हुआ है लेकिन स्थिति क्रिटिकल है।

मध्य प्रदेश सरकार के कागजी निर्देश है कि जैन साधु और साध्वियों को आहार विहार और निहार के दौरान सुरक्षा दी जाएगी। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था नहीं मिल रही है। आज की इस घटना से जैन समाज में जमकर आक्रोश है। वही उन्होने जैन साधु और साध्वियों की सुरक्षा के लिए मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकारियों और जिला कलेक्टर को निर्देशित करें और जो घटना घटी है उसकी जांच कर दोषियों को सजा दिलाए।

लिया संकल्पः संतों के लिए बनेंगे सुरक्षा कवच

इस अवसर पर आईजा के प्रदेष अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि कितना दुखद है आज का दिन एक साथ दो पूज्य माताजी की समाधि की दुखद सूचना ने पूरे जैन समाज को स्तब्ध और शोकाकुल कर दिया है। बल्कि बहुत गहराई से आत्मनिरीक्षण करने का यह समय है। हम बड़े-बड़े पंचकल्याणक और महोत्सवों के आयोजन में व्यस्त रहते हैं, वहां मान-सम्मान और व्यवस्थाओं की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं। लेकिन जमीनी हकीकत क्या है। जब हमारे साधु नगर में प्रवेश करते हैं, तो अगवानी (स्वागत) के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ता है, जयकारों से गगन गूंज उठता है। लेकिन जैसे ही उनके विहार का समय आता है,तो वही लोग अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं,स्वागत में दिखने वाला वह उत्साह, विहार की सुरक्षा में क्यों गायब हो जाता है। अब समय आ गया है कि समाज के पदाधिकारी और प्रबुद्ध वर्ग अपनी नींद से जागें। अब हमारी पहली प्राथमिकता सुरक्षित गमन,जिस उत्साह से हम संतों की अगवानी करते हैं। उसी गंभीरता और जिम्मेदारी से उनके सुरक्षित विहार की व्यवस्था भी होनी चाहिए और दूसरी प्राथमिकता प्रशासनिक तालमेल। समाज के पदाधिकारियों का यह परम कर्तव्य है कि साधुओं के विहार मार्ग,समय और संभावित जोखिमों की जानकारी पहले से स्थानीय प्रशासन और पुलिस को लिखित में दी जाए ताकि आवश्यक सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था मिल सके। इसी क्रम में तीसरी प्राथमिकता विहार सेवा दल को एक रेडियम जैकेट,टॉर्च और सुरक्षा मानकों के साथ संतों के आगे-पीछे सुरक्षा कवच बनकर चले,अब हम लापरवाही की कीमत हम अपने अनमोल संतों को खोकर नहीं चुका सकते। इस दुखद घड़ी में हम सब संकल्प लें कि केवल जय हो के नारे नहीं लगाएंगे, बल्कि सड़क पर चलते अपने संतों के सुरक्षा कवच भी बनेंगे।

28 मई तक होगी गेहूं खरीदी

सिरोंज। देश में सर्वाधिक गेहूं खरीदी करने वाला राज्य मध्यप्रदेश है। प्रदेश में गेहूं खरीदी का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया गया है, जिसकी खरीदी सरकार के माध्यम से की गई है। साथ ही गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई करने की घोषणा की गई।

कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने वालों पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

सागर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल के आदेशानुसार, अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर बंडा, जैसीनगर, राहतगढ़, देवरी की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय जारी जुमाना आदेश के अनुसार बलवंत सिंह सचिव ग्राम पंचायत औरिया जैसीनगर, कामता प्रसाद सचिव ग्राम पंचायत खैराई राहतगढ़, कृष्ण कुमार तिवारी सचिव ग्राम पंचायत मानेगांव देवरी एवं गौर कृष्ण दास ठाकुर सचिव ग्राम पंचायत कंदारी बंडा पर कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर जुर्माना लगाया गया।मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपने अधिकार का उपयोग करते हुए, आर्थिक सांख्यिकी विभाग के प्रकरण को समय सीमा के अंदर निराकरण न करने, साथ ही इस हेतु पूर्व में भी पंचायत सचिवों को निर्देशित करने के उपरांत भी प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया गया हैं। साथ ही कारण बताओ नोटिस का भी ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा समाधान कारक जवाब नहीं दिया गया । उक्त कृत्य लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 की धारा 7 (क) का उल्लंघन हैं। अतएव सचिवों के द्वारा आवेदन को विलंबित करने एवं समय सीमा पर निराकृत नहीं करने पर दंड स्वरूप जुर्माना लगाया गया। साथ ही उक्त जुर्माना राशि को तीन दिन के अंदर जमा करने का आदेश दिया गया।

राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में किया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में नगर की समस्त दवा दुकानें पूर्णतः बंद रहीं। इस मौके पर सिरोंज केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा एसडीएम हरिषंकर विष्वकर्मा को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि ऑनलाइन दवा व्यापार के वर्तमान नियमों में अनेक विसंगतियाँ हैं तथा इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित करने वाली कोई सशक्त व्यवस्था दिखाई नहीं देती।

आज एआई एवं डिजिटल माध्यमों के जरिए डॉक्टरों के नाम से फर्जी पर्चे बनाकर प्रतिबंधित दवाइयाँ आसानी से मंगाई जा रही हैं। इनमें गर्भपात संबंधी दवाइयाँ, नींद की दवाइयाँ, एंटीबायोटिक एवं अन्य संवेदनशील औषधियाँ बड़ी मात्रा में बिना उचित चिकित्सकीय निगरानी के उपलब्ध हो रही हैं। यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही है। बिना योग्य फार्मासिस्ट एवं चिकित्सकीय परामर्श के दवाइयों की उपलब्धता से दवाओं के दुरुपयोग, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस तथा मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका लगातार बढ़ रही है। समस्त केमिस्ट साथियों में जो उत्साह एवं एकजुटता देखने को मिली, वह केमिस्ट एकता एवं संगठन की शक्ति का परिचायक है। संगठन को विश्वास है कि भविष्य में भी इसी प्रकार सभी साथियों का सहयोग एवं एकता बनी रहेगी। वही जिले की समस्त तहसीलों के केमिस्ट साथियों ने भी पूर्ण बंद रखकर ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में अपना समर्थन एवं विरोध दर्ज कराया। सिरोंज केमिस्ट एसोसिएशन ने मांग की ऑनलाइन दवा बिक्री हेतु कठोर एवं पारदर्शी नियम लागू कर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जाए तथा जनहित एवं मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

सिघोंरी अभ्यारण क्षेत्र में प्रतिबंध के बाद हो रही तेंदूपत्ता की तुड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

100 के स्थान पर 105 गड्डी की प्रथा जारी



रोका जाएगा

यदि मजदूरों से 100 के स्था पर 105 गड्डी ली जा रही है यह गलत है। जाँच कर कार्यवाही की जाएगी। प्रतिबंधित क्षेत्र में तेंदूपत्ता की तुड़ाई हो रही है तो उसे रोका जाएगा।

– मयंक राज, एसडीओ वन विभाग बाड़ी

बारिश पूर्व ठेकेदारों के माध्यम से वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य कराया जा रहा है। राजस्व जंगल लगभग समाप्त होकर बन भूमियों पर अवैध खेती का साम्राज्य फैला हुआ है। वन विभाग ठेकेदार और वन समितियों की मिली भगत से सिघोंरी अभ्यारण में तेंदूपत्ता तुड़ाई पर प्रतिबंध के बाद तेंदूपत्ता तोड़े जाने और 100 गड्डी के स्थान पर 105 गड्डी लेने की पुरानी प्रथा को जारी रख कर तेंदूपत्ता मजदूरों का शोषण और अपना आथक हित साधने की चल रही कार्य प्रणाली जाँच और कार्यवाही का विषय बनी हुई है।

सिघोंरी अभ्यारण जिसके अन्त्रगत बाड़ी और बम्होरी रेंज आती है। साम्राज्य वन मंडल ओवेदुल्लागंज के अन्त्रगत प्रति वर्ष बारिश से पूर्व तेंदूपत्ता की तुड़ाई और संग्रहण का कार्य ठेकेदार वन समितियों द्वारा किया जाता है। तेंदूपत्ता तुड़ाई संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त करने राजस्व जंगल में तेंदूपत्ता न होने से सिघोंरी अभ्यारण में तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य प्रतिबंध के बाद भी हो रहा है।

सिरवारा, पाटनी, पीपलपाली, जैतपुर, रमगढ़ा, रतनपुर, पनागर, उदगिरी, भगदेई, सेनकुआं, बाजनी सहित अन्य स्थानों पर प्रतिबंध के बाद भी तेंदूपत्ता तुड़ाई और फड़ लगा कर गड्डी पत्तों को सुखाने का कार्य जोरशोर से चलता नजर आ रहा है।

पांच गड्डी का खेल

प्रतिबंध के बाद सिघोरी अभ्यारण क्षेत्र में तेंदूपत्ता की तुड़ाई हो रही है। दूसरा मिली भगत से तेंदूपत्ता मजदूरों से 100 के स्थान पर 105 गड्डी की गिनती कर उनका आर्थिक शोषण भी किया जा रहा है। वन विभाग के जिम्मेदार उदासीन बने नगर आ रहे है।

ऑनलाइन दवा व्यापार का दवा विक्रेताओं द्वारा विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर की 75 से अधिक मेडीकल स्टोर रही बंद



ऑल इण्डिया मेडीकल एसोशियन के आव्हान पर 20 मई बुधवार को नगर के सभी मेडीकल स्टोर के ताले और शटर नहीं खुले। जरूरी दवाईयों के लिए मरीज और उनके परिजन दवाईयां खरीदने इधर-उधर भटकतें रहे।

दवाओं की ऑन लाइन मार्केटिंग और दवाओं पर भारी भरकम कमीशन बड़ी कंपनियों द्वारा दिए जाने से छोटे मेडीकल व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। बुधवार को नगर के लगभग 76 मेडीकल स्टोर न खुलने से दवाओं की विक्री-खरीददारी पूरी तरह बंद बनी रहीं।

दवाईयों का ऑन लाइन व्यापार

बड़ी दवा कम्पनियों द्वारा दवाईयों की ऑन लाइन विक्री कर सीधे ग्राहकों तक दवाईयां पहुंचा दी जाती है। दवाईयां खरीदने वालों को भारी कमीशन भी दिया जाता है। जिससे ऑन लाइन दवाओं का कारोबार निरन्तर बढ़ता जा रहा है। नकली दवाओं की संख्या और विक्री होना भी चिंता का विषय बन रहा है।

दुकानें बंद सौंपा ज्ञापन

पूर्व घोषणा के अनुसार दवा विक्रेताओ, मेडीकल स्टोर संचालकों ने ऑन लाइन दवा कारोबार के विरोध में अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी गई। पुराने अस्पताल के सामने स्थित मेडीकल मार्केट में दुकाने न खुलने से दिन भर सन्नाटा छाया रहा। मेडीकल एसोशियन द्वारा अपनी माँगों के संबंध में एसडीएम कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सोंपा गया।

25 को युवा संगम का आयोजन होगा

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से "युवा संगम" कार्यक्रम का आयोजन 25 मई को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) परिसर सागर में किया जाएगा। कार्यक्रम में रोजगार मेला एवं अप्रेंटिसशिप मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर विभिन्न पदों के लिए चयन किया जाएगा। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी एवं ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदकों को साक्षात्कार हेतु रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र (अंकसूची) साथ लाना आवश्यक होगा। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। युवा संगम कार्यक्रम 25 मई को प्रातः 11 बजे से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) परिसर, सागर (म.प्र.) में आयोजित होगा।

पुल की छत डालने में आधुनिक मशीन का किया जा रहा उपयोग

टूटे पुल के स्थान पर नए पुल का तेजी से निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



पिछले वर्ष 2025 के दिसम्बर महीना में बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कला के पास बना पुल ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य किए जाने के दौरान बीच में से टूट कर गिर गया था। पुल टूटने के बाद एमपीआरडीसी द्वारा डायवर्सन मार्ग बना कर यातायात को चालू रखा गया है।

पिछले अनेक महीनों से नये पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। जो आधुनिक तकनीक से मशीन का उपयोग कर नये पुल की सीसी छत डालने से अब लोगों को भरोसा होने लगा है कि 15 जून से बारिश शुरु होने से पूर्व नये पुल का पूरी तरह निर्माण पूर्ण हो जाने और शीघ्र नये पुल से वाहनों का आवागमन शुरु हो जाएगा।

बरेली से सर्वाधिक निकट रेलवे स्टेशन पिपरिया है। इसी के साथ नर्मदा किनारे बसे ग्रामों के साथ क्षेत्र के लोगों का भारी संख्या में पिपरिया जाना-आना लगा रहता है। तहसील और क्षेत्र के निवासियों के लिए पिपरिया मार्ग अति महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में बने कच्चे गिट्टी-मिट्टी के डायवर्सन मार्ग पर सेंकड़ों वाहनों के आवागमन से 24 घन्टों उड़ती धूल, आंखों में जलन होने, श्वास लेने में परेशानी और एलर्जी होने का कारण बन रही है।

बारिश पूर्व नये पुल से आवागमन-

पिछले कुछ दिनों से जिस प्रकार नये पुल के पिलर निर्माण का कार्य तीवृ गति से हुआ और छत का लोहा बांधने के बाद आधुनिक मशीन तकनीक का उपयोग कर पुल की सीसी छत डाली गई तो आने-जाने वाले लोग रूक कर हो रहे निर्माण कार्य को देखने सक्रिय बने रहे बारिश शुरु होने से पूर्व नये पुल का निर्माण पूर्ण होने और यातायात नये पुल से शुरु हो जाएगा उम्मीद जाग उठी है।

दिन का तापमान 44 डिग्री के पार दिन और रात गर्मी से नहीं राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



अभी नौतपा शुरु नहीं हुआ है इस से पूर्व सूरज की किरणें आग बरसा रहीं है। दिन का पारा 44 डिग्री के पार हो जाने से जहाँ देखों वहां इस वर्ष गर्मी की परेशानी की चर्चा हो रही है। दिन हो या रात तापमान बढने राहत नजर नहीं आ रही है। सुबह 8-9 बजे से सूरज की किरणें तेज हो जाने और दोपहर में आग झरने जैसी गर्म हवाओं के प्रकोप से बचने लोग घरों में ही बना रहना सुरक्षित मान रहे है।

■ गर्मी ने बदल दी दिनचर्या

सुबह शाम दिख रही भीड़-

दिन में 10 बजे के बाद सूरज की किरणें आग बरसाना शुरु कर देती है। दोपहर 12 बजे के बाद लोगों का सडक़ों बाजारों में दिखना कम हो जाता है। शाम 5 बजे के बाद बाजारों में खरीददारों का आना और भीड़ शुरु हो जाती है। गर्मी के असर से अब दिन के स्थान पर रात में दुकानों पर ग्राहकी होने लगी है।

लोगों की दिन चर्या बदलने और रात में बाजारों में रोनक बढने लगी है। भीषण गर्मी के कहर के बीच लोगों में चर्चा बनी हुई है। कि अभी नौतपा शुरु नहीं हुए है। 24 मई से नौतपा शुरु होगें तब गर्मी का प्रकोप कितना भीषण होगा। वर्तमान में गर्मी के कहर से लोगों को घरों में ही रहना मजबूरी बन रहा है।

किरणों से बरस रही आग

एक और जहां सूरज की किरणें आसमान से आग बरसा रही है, तो दूसरी और असहनीय भीषण गर्मी के प्रकोप के सामने कूलर, पखें भी जबाब देते नजर आ रहे है। सूरज की तपिस से पक्के मकान दिन भर तप कर शाम और रात में भारी उमस पैदा कर लोगों को घरों में रहने पर भी पसीना से तरबतर कर रहे है। भीषण गर्मी के कारण ठंड पेय पदार्थों की मांग और खपत भी बढ़ गई।

तेंदूपत्ता तोड़ने में लगे करीब 50 हजार मजदूर, कल तक और चलेगा अभियान

लक्ष्य से साढ़े 14 हजार मानक बोरा दूर तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य, विभाग का गुणवत्ता पर फोकस

तेंदूपत्ता तोड़ने में जुटी लगभग 50 हजार मजदूर और 50 से अधिक वन समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में वन सुरक्षा समितियों और ग्रामीण परिवारों की आजीविका से जुड़े तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य बड़े स्तर पर जोरों से चल रहा है। 10 मई से शुरू हुआ तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य कल यानी 22 मई तक और चलेगा। वन विभाग ने इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए 56 हजार 320 मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके अनुरूप अभी तक 41 हजार 656 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जा चुका है। अब लक्ष्य को पूरा करने में सिर्फ 14 हजार 664 मानक बोरा की और जरूरत है, जिसके लिए वन समितियों के पास सिर्फ दो दिन का समय शेष बचा हुआ है।

वन विभाग ने इस बार गुणवत्ता पूर्ण तेंदूपत्ता संग्रहण पर विशेष जोर दिया है। ताकि संग्राहकों को बेहतर भुगतान मिल सके और शासन द्वारा तय लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके। साथ ही वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को बैंक खातों और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

56 हजार 320 मानक बोरा पत्ता तुड़ाई का लक्ष्य

डीएफओ प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि जिले में इस वर्ष 56 हजार 320 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं खरीदी के लिए 4 हजार मानक बोरा का लक्ष्य रखा है। वन विभाग द्वारा संग्रहण केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि तेंदूपत्ता संग्राहकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



आखिर दो दिन में कैसे होगा लक्ष्य पूरा

सामान्य वन मंडल रायसेन के अंतर्गत आने वाली पूर्व और पश्चिम वन रेंजों में जगह जगह खेत खलिहानों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य तो चल रहा है। लेकिन निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य हासिल करना वन सुरक्षा समितियों और वन विभाग के लिए चुनौती बनता जा रहा है। तुड़ाई कार्य के लिए सिर्फ दो दिन शेष बचे हुए है और अभी लक्ष्य भी दूर है। अभी तक 41 हजार 656 बोरा तेंदूपत्ता की तुड़ाई कर ली गई है, लेकिन फिर भी लक्ष्य अभी 14 हजार 664 मानक बोरा दूर है। अब बड़ा सवाल है कि सिर्फ दो दिन 21 और 22 मई में वन समितियां इस लक्ष्य को कैसे पूरा करेगी।

लक्ष्य को हासिल करने जुटा अमला और वन समितियां

वन विभाग के अधिकारियों सहित डिप्टी रेंजर राकेश केलोदिया, प्रभात यादव, सर्जन सिंह मीणा,संजय मौर्य का कहना है कि संग्रहण कार्य को गति देने के लिए समितियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। इधर ग्रामीणों का कहना है कि कई इलाकों में तेंदूपत्ता मजदूरों की कमी और परिवहन व्यवस्था कमजोर होने से काम प्रभावित हो रहा है। तेंदूपत्ता की गड्डियों को संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाने में भी परेशानी आ रही है। फिलहाल विभागीय अमला और वन समितियां लक्ष्य हासिल करने के लिए दिन-रात जुटी हुई हैं।

मजदूरों की आमदनी का स्त्रोत

वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तेंदूपत्ता संग्रहण से जिले के हजारों ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिलता है। गर्मी के मौसम में यह कार्य ग्रामीणों की आय का प्रमुख साधन बनता है। खासकर वन क्षेत्रों से जुड़े गांवों में बड़ी संख्या में महिलाएं और गरीब,मजदूर परिवार इस कार्य से जुड़े हुए हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्रों पर छाया, पेयजल और तौल व्यवस्था के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए हैं।

कटौती से बचने गुणवत्ता वाले ही पत्ते का करें संग्रहण

वन विभाग के आला अधिकारियों ने तेंदूपत्ता संग्राहकों से अपील की है कि केवल कोमल और मानक गुणवत्ता वाले पत्तों का ही संग्रहण करें। ताकि भुगतान में किसी प्रकार की कटौती न हो। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि गुणवत्ता अच्छी होने पर शासन स्तर पर भी जिले को बेहतर उपलब्धि मिल सकती है। तेंदूपत्ता मजदूरों को बोनस भी प्रदान किया जाएगा। वहीं संग्रहण कार्य को लेकर वन समितियों में भी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

इनका कहना है

सामान्य वन मंडल सर्किल रायसेन में तेंदूपत्ता तुड़ाई कार्य चल रहा है, जो 22 मई तक चलेगा। बोनस में फिलहाल बढ़ोतरी नहीं हुई है। गुणवत्ता पूर्ण तेंदूपत्ता संग्रहण कराया जाएगा।

- सुधीर पटले, एसडीओ रायसेन।

आग उगल रही धूप, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

सीजन में दूसरी बार 44 डिग्री के पार पारा



भट्टी की तरह तप रहा शहर, बिजली कटौती से और बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को इस सीजन में दूसरी बार तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर होते-होते हालात ऐसे हो गए कि शहर की सड़कें सूनी नजर आने लगीं।


बाजारों और प्रमुख चौराहों पर आम दिनों की तुलना में लोगों की आवाजाही काफी कम रही। तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने के फिलहाल कोई संकेत नहीं हैं। तापमान में अभी और बढ़ोतरी हो सकती है। दोपहर में गर्म हवाओं का असर सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। शहर का वातावरण भट्टी की तरह तप रहा है। सुबह 10 बजे के बाद ही धूप चुभने लगती है, जबकि दोपहर में हालात और भी ज्यादा खराब हो जाते हैं। शाम तक गर्म हवाओं का असर बना रहने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।

भीषण गर्मी का असर जनजीवन पर साफ दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय, बस स्टैंड, महामाया चौक सागर-भोपाल तिराहे व गंजबाजार में भी सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ कम रही। सड़कों पर निकलने वाले लोग सिर और चेहरे को कपड़ों से ढंककर निकलते नजर आए।

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 के सलामतपुर थाने के पास की घटना

लोडिंग ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर, 2 घायल-ड्राइवर फरार

हाइवे पर गड्ढों के कारण आए दिन हो रहे हैं हादसे, टोल टैक्स लेने के बाद भी नहीं भर रहे गड्ढे





हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल विदिशा हाइवे 18 के सलामतपुर थाने के पास लोडिंग ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक और पीछे बैठा युवक घायल हो गए।

जानकारी अनुसार मंगलवार देर रात को एक लोडिंग ऑटो एमपी 04 वाईएक्स 4568 भोपाल की ओर जा रहा था। तभी सलामतपुर थाने के पास सामने से आ रही पल्सर बाइक एमपी 04 डब्लूए 7243 में टक्कर मार दी। जिससे चालक व सवार संजय रावत पिता विजयराम 19 निवासी राजीव नगर व उसके दोस्त करण रावत को सिर, हाथ व पेर में गंभीर चोटें आ गईं। दोनों घायलों का पहले सांची सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया। स्थिति बिगड़ने पर दोनों घायलों को विदिशा भेजा गया है। वहीं लोडिंग ऑटो चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ऑटो को जब्त कर ड्रायवर की तलाश शुरू कर दी है।

टोल टैक्स देने के बाद भी गड्ढों में सफर कर रहे वाहन चालक


इन दिनों भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 की सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिख रहे हैं। भानपुर से लेकर सलामतपुर त्रिमूर्ति चौराहे तक लगभग 40 किलोमीटर हाईवे की सड़क पर जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, इनकी मरम्मत तो दूर इन्हें चूरी गिट्टी से भरकर खाना पूर्ति भी नहीं की जा रही है।

मामी को खाना देने अस्पताल जा रहा था भांजा

संजय रावत अपनी मामी मुस्कान को खाना देने के लिए अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से दोस्त करण को साथ लेकर राजीवनगर से विदिशा अस्पताल जा रहा था। संजय की मामी मुस्कान के गर्भवती होने से विदिशा जिला चिकित्सालय अस्पताल में 2-3 दिन से भर्ती हैं। जहां पर उनकी डिलेवरी होने के बाद भर्ती किया गया है। अब संजय भी दुर्घटना में घायल होने के बाद उसी अस्पताल में रेफर हुआ है जहां उसकी मामी मुस्कान भर्ती हैं।

एसडीएम चौधरी को सौंपा ज्ञापन

ऑनलाइन दवा बिक्री विरोध में केमिस्टों की रही हड़ताल



हरिभूमि न्यूज:सिलवानी

ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के विरोध में औषधि विक्रेता संघ द्वारा बुधवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। इस दौरान नगर की दवा दुकानें बंद रहीं। केमिस्टों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौंपकर अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि लंबे समय से संबंधित प्राधिकरणों से शिकायत और निवेदन के बावजूद इंटरनेट के माध्यम से हो रही दवा बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ;तथा मध्यप्रदेश राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर रायसेन जिले के केमिस्टों ने आंदोलन में भाग लिया।

इस मौके पर मेडीकल संचालक पदम बजाज, सुनील कुमार जैन, मुकेश राय, प्रसन्न जैन, अरुण जैन, योगेंद्र रघुवंशी, जितेंद्र कुमार रघुवंशी, नीटू जैन, जितेंद्र कुमार जैन, शैलेंद्र कुमार जैन, आनंद सहारिया, अनस खान सहित बड़ी संख्या में संचालक मौजूद रहे।

पानी को लेकर महिलाओं का फूटा गुस्सा, बर्तन लेकर पहुंचीं पंचायत

ग्रामीण लंबे समय से कर रहे नियमित और साफ पानी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अंबाडी में पेयजल समस्या को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाएं खाली बर्तन लेकर ग्राम पंचायत भवन पहुंचीं और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में कई दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई समाधान नहीं किया जा रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में रात के समय नल चालू किए जाते हैं, जिसके कारण लोगों को पूरी रात जागकर पानी भरना पड़ता है। इससे दूसरे दिन के जरूरी कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं।

महिलाओं ने बताया कि जो पानी सप्लाई हो रहा है वह भी गंदा और दूषित है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत की लेकिन इसके बावजूद भी कोई समाधान नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों ने पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह एक-दो दिन की नहीं बल्कि वर्षों पुरानी समस्या है। गांववासी लंबे समय से पेयजल की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो सकी है।



जल्द शुरू होगी हलाली से पानी की सप्लाई

सरपंच कुंती रमेश कुमार अहिरवार ने बताया कि कुछ दिन पहले अंबाडी मेन रोड पर अंडरग्राउंड नाली का निर्माण कराया था। आशंका है कि किसी ग्रामीण के घर का नल लीकेज होने के कारण गंदा पानी सप्लाई लाइन में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा लीकेज खोज हो रहे है, लेकिन अभी तक समस्या का सही कारण पता नहीं चल पाया है। अंबाडी में ट्यूबवेल से सप्लाई होती है, गर्मी में जलस्तर काफी नीचे चला जाता है, जिससे पानी की समस्या हो जाती है। कुछ ही दिनों में हलाली जल समूह द्वारा क्षेत्र में पानी सप्लाई की जाने लगेगी। जिससे गांव की पानी की समस्या हमेशा के लिए समस्या खत्म हो जाएगी।

खबर संक्षेप

बेगमगंज रेंजर 5 हजार की रिश्वत लेते हुए धराए

रायसेन। बुधवार शाम करीब साढ़े 6 बजे भोपाल लोकायुक्त पुलिस ने बेगमगंज रेंजर अरविंद अहिरवार को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। बेगमगंज थाने के सब इंस्पेक्टर संदीप पंवार ने इस रिश्वतकांड का खुलासा किया। श्री पंवार ने बताया कि रेंजर के विरूद्ध लोकायुक्त पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है फरियादी शकील पठान से 6 माह पुराने मामले में 10 हजार में मामला सुलझाने का तय हुआ था। बता दें कि बीते 6 महीने पहले शकील पठान के यहां वन विभाग टीम ने छापेमारी कार्यवाही कर सागौन की लकड़ियों का जखीरा और वाहनों को जब्त किया था।

भागवत कथा में गूंजे भक्ति और श्रद्धा के स्वर

सिलवानी। अंचल के ग्राम सुल्तानपुर में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनी हुई है। कथा के पंचम दिवस बुधवार को कथा पंडाल में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीण क्षेत्रों सहित आसपास के नगरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा वाचक पंडित भूपेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल एवं दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण और विस्तृत वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, प्रेम और मानवता का संदेश दिया।

प्यासे ग्रामीणों की समस्या की हुई सुनवाई, जनपद एई ने लापरवाह सरपंच-सचिव की लगाई क्लास



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

ग्रामीण अंचलों में गहराते जल संकट के बीच प्रशासन का एक बेहद संवेदनशील और सकारात्मक चेहरा सामने आया है। क्षेत्र के गांवों में पानी की समस्या से जूझ रहे प्यासे ग्रामीणों की सुध लेने के लिए जनपद पंचायत गैरतगंज के सहायक यंत्री (एई) नरेश कुमार ठाकरे स्वयं जमीनी स्तर पर उतरे।

उन्होंने न केवल समस्या का तत्काल संज्ञान लिया, बल्कि ग्रामीणों के लिए संकटमोचक बनकर पानी की सप्लाई सुचारू कराने निर्देश दिए।

शीघ्र पानी सप्लाई चालू करने के सख्त निर्देश

ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जनपद सहायक यंत्री ने मौके पर ही पंचायत प्रतिनिधियों और तकनीकी स्टाफ को व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर शीघ्र अति शीघ्र पानी की सप्लाई चालू करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की देरी या कोताही पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कठोर प्रशासनिक व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों द्वारा पानी की किल्लत की शिकायत मिलने के तुरंत बाद जनपद एई नरेश ठाकरे ने तत्परता से प्रभावित गांवों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में नल-जल योजना के संचालन और पेयजल आपूर्ति में पंचायत स्तर पर लापरवाही उजागर हुई। कड़ा रुख अपनाते हुए एई ठाकरे ने संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शीघ्र सप्लाई होगी चालू

जनपद पंचायत गैरतगंज के सहायक यंत्री नरेश कुमार ठाकरे ने बताया कि हरिभूमि संवाददाता अवनीश शर्मा ने संबंधित ग्रामों की ग्राउंड रिपोर्टिंग कर वहां की समस्याओं से मुझे अवगत कराया, जिसके बाद मैंने ग्राउंड लेवल पर जाकर समस्याओं को देखा और संबंधित ग्रामों के सरपंच सचिव को शीघ्र समस्या का निराकरण कर पानी सप्लाई चालू करने का निर्देश दिया है।

"नशा मुक्त शिक्षायुक्त समाज" अभियान को मिला नया आयाम

चड़ार समाज अध्ययन केंद्र व पुस्तकालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

अखिल भारतीय सर्व चड़ार चिड़ार समाज सभा द्वारा ग्राम तुलसीपार में सोमवार, 18 मई को "चड़ार समाज अध्ययन केंद्र एवं पुस्तकालय" का शुभारंभ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलाराम अठ्या द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गयाप्रसाद चड़ार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संत जूड़ीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समाजजन, ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलाराम अठ्या ने कहाकि समाज के राष्ट्रीय संगठन द्वारा "नशा मुक्त शिक्षायुक्त समाज" की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से गांव-गांव लाइब्रेरी एवं "हर घर पुस्तक" अभियान प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है और पुस्तकालय ज्ञान के मंदिर होते हैं, जो नई पीढ़ी को जागरूक व प्रगतिशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



उन्होंने बताया कि 5 जून 1983 को इसी ग्राम तुलसीपार में समाज के संगठन की आधारशिला रखी गई थी और अब इसी ग्राम से ज्ञान की ज्योति जलाने का नया आंदोलन भी प्रारंभ किया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जानकारी दी कि इस पुस्तकालय के लिए प्रारंभिक रूप से लगभग 8000 मूल्य की 75 पुस्तकें उनके द्वारा दान की गई हैं तथा भविष्य में और भी पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। यह अध्ययन केंद्र एवं पुस्तकालय संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय सचिव भगवत सिंह अठ्या के निवास पर संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वृंदावन अठ्या ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में शिक्षा और संगठन की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सचिव माधव सिंह लोधी, रोजगार सहायक कमल सिंह कुशवाहा, सीताराम चडार, गयाप्रसाद चडार, अजुद्दी प्रसाद चडार, हरगोविंद चडार, संतोष चडार, दुर्गा प्रसाद अठ्या, सुनील, अरविंद, रामसेवक, सौरभ, रमाशंकर चडार, माधौ सिंह यादव, रामनरेश यादव, रामपाल यादव, गोलू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

साथ ही छात्र-छात्राओं में याचना कुमारी, मुस्कान, माही, रितिका, आरवी, अरनव, अंश,अभिलाषा, हर्ष, रितिक, यश्विनी, चेतन, चिराग, मोक्ष, सिवांश, ईशान, वैशाली, अमृता, जितेंद्र चडार, आशा, आदित्य, दीक्षा सहित अनेक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन भगवत सिंह अठ्या द्वारा किया गया।

वीसी से कलेक्टर ने की राजस्व प्रकरणों के साथ सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा


राजस्व प्रकरण तीन माह से अधिक समय तक न रहे लंबित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुधवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों और सी ए म हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि तीन माह से अधिक समयावधि का कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित ना रहे।

■ फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य शीघ्र पूर्ण के दिए निर्देश

सभी एसडीएम से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की संख्या, गत दिवस निराकृत किए गए प्रकरणों और आज निराकृत किए जाने वाले प्रकरणों की जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को अनुभाग स्तर पर अन्य विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की मॉनिटरिंग करने और फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया।



समीक्षा में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।